हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 04 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने के लिए भारतीय खिलाडियों शरद कुमार, मरियप्पन थंगावेलू, अजित सिंह और सुंदर सिंह गुर्जर को बधाई दी है।राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में शरद कुमार और मरियप्पन को पुरूषों की ऊंची कूद स्पर्धा में रजत तथा कांस्य पदक जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि यह शरद का दूसरा तथा मरियप्पन का तीसरा व्यक्तिगत पदक है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह उपलब्धि उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का उदाहरण है।श्रीमती मुर्मू ने अजित सिंह और सुंदर सिंह गुर्जर को पुरूषों की भालाफैंक स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीतने के लिए बधाई देते हुए कहा कि इन खेलों में सुमित अंतिल के स्वर्ण पदक जीतने के बाद इन पदकों से भारत का प्रदर्शन और बेहतर हुआ है। उन्होंने कामना की कि ये खिलाड़ी आने वाले समय में देश का गौरव बढाएंगे।उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा कि अजित सिंह और सुंदर सिंह गुर्जर ने जीत के लिए दृढता और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि देश को उन पर गर्व है। श्री धनखड़ ने शरद कुमार और मरियप्पन थंगावेलू को बधाई देते हुए कहा कि देश को उनकी उपलब्धियों पर नाज है।प्रधानमंत्री मोदी ने मरियप्पन थंगावेलू को बधाई देते हुए कहा कि पिछले तीन पैरालंपिक में लगातार पदक जीत कर उन्होंने देश का गौरव बढ़ाया है। शरद कुमार को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी निरंतरता और उत्कृष्ट प्रदर्शन सभी के लिए प्रेरणादायी है।प्रधानमंत्री ने कहा कि सुंदर सिंह गुर्जर ने समर्पण और मेहनत के साथ इन खेलों में शानदार प्रदर्शन

किया है। अजित सिंह को बधाई देते हुए श्री मोदी ने कहा कि खेलों में उनकी प्रतिबद्धता और उपलब्धियों से देश गौरान्वित हुआ है।

....

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने हरियाणा विधानसभा आम चुनाव को लेकर सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को वोट डालने के लिए और अधिक जागरूक करने के निर्देश दिए हैं ।चण्डीगढ़ से सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से ली समीक्षा बैठक में श्री अग्रवाल ने कहा कि चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए स्वीप गतिविधियां हर जगह होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिन मतदान केंद्रों पर मतदान कम हुआ था वहां स्वीप गतिविधियां बढ़ाई जाए। ताकि इन मतदान केंद्रों पर मत प्रतिशत बढ़ सके।उन्होंने कहा कि दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के घर से वोट डालने का विकल्प लेने के लिए दिए जाने वाले फार्म 12-डी उनके घर से इकट्ठा करने में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने नए वोट बनवाने के लिए 2 सितम्बर तक प्राप्त फार्म 6 व फार्म 8 को लंबित न रखने और नियमानुसार कारवाई करने के निर्देश दिए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।उन्होंने कहा कि फैसले उपरांत जिन मतदाताओं का नाम पूरक मतदाता सूची में प्रकाशित हों उनके फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र डाक विभाग के माध्यम से भिजवाना सुनिश्चित किया जाए ।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को अपने-अपने जिलों की जिला चुनाव प्रबंधन योजना व जिला चुनाव संचार योजना तैयार कर इसे मुख्य निर्वाचन कार्यालय में पहुंचाने को भी कहा है ।

....

चंडीगढ़ के सेक्टर 34 के मेला ग्राउंड में किसानों का धरना जारी है। हालांकि पहले दिन की अपेक्षा धीरे धीरे किसानों की संख्या में कमी हुई है।भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां ने कहा है कि उनका धरना पांच दिन तक चलेगा, लेकिन आगे की रणनीति पर फ़ैसला कल लिया जायेगा। किसानों ने कहा है कि वे शांतिपूर्वक धरना दे रहे हैं। किसान यूनियन ने कहा कि कल पंजाब से और किसानों के पहुंचने की संभावना है।मेला ग्राउंड में किसानो की सुरक्षा या किसी भी स्तिथि से निपटने के लिए पुलिस ने 700 से अधिक जवान तैनात किए हुए हैं।चंडीगढ़ पुलिस के अलावा त्वरित कारवाई बल के सैकड़ों जवान भी सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे है।

कुरुक्षेत्र जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा है कि विधानसभा आम चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा 810 बूथों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ ही पंजाब के पटियाला के साथ लगते कुरुक्षेत्र के गांव कुम्हार माजरा, अधोया, टयूकर की सीमाओं पर नाकाबंदी कर निरंतर जांच की जाएगी और शहरों व गांवों में भी अलग-अलग जगहों पर नाके लगाए जाएंगे और नजर रखी जाएगी पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जिले की चारों विधानसभाओं में मतदाताओं की संख्या के आधार पर बनाए गए 810 बूथ में से 609 ग्रामीण और 201 शहरी क्षेत्र में है। यह बूथ 512 स्थानों पर बनाए गए है। इनमें 427 स्थान ग्रामीण क्षेत्र और 85 शहरी क्षेत्र में है। उन्होंने कहा कि जिले में चारों विधानसभा क्षेत्रों में चार-चार आदर्श , महिला, युवा व दिव्यांग बूथ बनाए गए है । उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र जिले की चारों विधानसभाओं में 7 लाख 70 हजार 356 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे।